कार्यालय, प्राचार्य, श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़

दिनांक :– 13.02.2021

एन. सी. सी. विभाग

वार्षिक प्रतिवेदन - 2020-2021

लेफ्टि. महेंद्र कुमार वर्मा ,
सहायक आचार्य एवं,
सहायक एनसीसी अधिकारी

श्री रतनलाल **कँवरलाल** पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़ में एन.सी.सी गतिविधियाँ 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के निर्देशानुसार करवाई जाती है। महाविधालय में कुल 160 एन सी सी कैडेट्स की संख्या अधिकृत है, जिसमे 33% छात्रा कैडेट्स के लिए आरक्षित है। सत्र 2020 - 21 में प्रथम वर्ष हेतु एन.सी.सी भर्ती **दिनांक** 3/11/2020 को आरपीटीसी, किशनगढ़ के मैदान पर 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदर सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई । भर्ती के दौरान कोविड-19 के सभी दिशा निर्देशों का पालन किया गया, मैदान पर प्रवेश से पूर्व विद्यार्थियों की थर्मल स्कैनिंग के साथ साथ हाथों को सैनिटाइज करवाया गया एवं सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करवाई गई । भर्ती के हेतु छात्रों के लिए सोलह सौ मीटर एवं छात्राओं के लिए बारह सौ मीटर की दौड़ आयोजित की गई । दौड़ में 145 छात्र तथा 52 छात्राओं का चयन किया गया, दौड़ में सफल हुए विद्यार्थियों का साक्षात्कार तथा लिखित परीक्षा ली गई । अंतिम रूप से 21 छात्रा कैडेट्स व 32 छात्र कैडेट्स का चयन किया गया।

<u>मीडिया कवरेज</u>

<u>राजस्थान पत्रिका</u>

परीक्षा

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार भी हुए, अंतिम चयन सूची जल्द होगी जारी

एनसीसी कैडेट्स ने लगाई दौड़, 145 छात्र, 52 छात्राएं सफल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मदनगंज-किशनगढ़. आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों की प्रथम वर्ष के एनसीसी कैडेट (एनसीसी) की भर्ती के लिए छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को दौड़ लगाई। साथ ही छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार भी लिए गए।

एनसीसी की भर्ती की अंतिम चयन सूची जल्द ही जारी होगी। 11 वीं राज बटालियन एनसीसी अजमेर के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदरसिंह के नेतृत्व में आरपीटीएस ग्राउंट पर भर्ती प्रक्रिया के लिए दौड़ हुई। कॉलेज के 445 छात्रों और 90 छात्राओं ने भर्ती के लिए आवेदन किया। इनमें से भर्ती के लिए 376 छात्र और 70 छात्राएं उपस्थित हुई। एनसीसी केडिट भर्ती के लिए छात्रों की 1600 मीटर और छात्राओं की 1200 मीटर दौड़ हुई। दौड़ में 145 छात्र और 52 छात्राएं सफल हुई और इनका चयन किया गया। दौड़ में सफल हुए छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार और लिखित परीक्षा भी ली गई। अंतिम चयन सूची जल्द ही कॉलेज के सूचना बोर्ड पर चस्पा की जाएगी।

किशनगढ़ के आरपीटीएस ग्राउंड पर एनसीसी भर्ती के लिए दौड़ती छात्राएं। पत्रिका

थर्मल स्क्रीनिंग और मास्क जरूरी

भर्ती के दौरान कोविड-19 के सभी दिशा निर्देशों का पालन किया गया। मैदान पर प्रवेश से पूर्व सभी विद्यार्थियों और अधिकारियों और स्टाफ के सदस्यों की थर्मल स्क्रीनिंग की गई और हाथों को सैनिटाइज कराया गया। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए भर्ती में छात्रों और छात्राओं की दौड़ हुई। भर्ती के दौरान 11 वीं राज बटालियन के सूबेदार संजयसिंह, सूबेदार अजीत सिंह, नायक सूबेदार रामसिंह, हवलदार कुलदीप सिंह, पप्पूसिंह, विजेंद्रसिंह, संजय कुमार, सत्यनारायण, हवलदार अमित एवं कॉलेज से लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा एवं सहायक आचार्य मधु कुमावत, भजनलाल और अर्जुनलाल मौजूद रहे।

छात्र नेताओं को बांटे मास्क

एनसीसी कैडेट भर्ती में शामिल होने आए छात्र-छात्राओं को एनएसयूआई की ओर से मास्क बांटे गए। विकास बैरवा ने बताया कि ग्राउंड में प्रवेश से पूर्व सभी छात्र-छात्राओं को मास्क बांटे गए और उन्हें सेनेटाइज भी वितरित किए गए।

सत्र- 2020 में महाविधालय के 35 एन सी सी कैडेट्स ने 'बी ' व 10 एन सी सी कैडेट्स ने 'सी ' प्रमाण पत्र की परीक्षा पास प्रमाण पत्र प्राप्त किये।

महाविधालय के एन सी सी कैडेट्स द्वारा दिनांक 16.12.2020 को कोरोना जागरूकता व स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता अभियान के तहत महाविधालय परिसर एवं महाविधालय के पास स्थित सुभाष पार्क की साफ़ सफाई की गई।

मीडिया कवरेज

राजस्थान पत्रिका

एनसीसी कैडेट्स ने सुभाष गार्डन में की साफ-सफाई

स्वच्छता के लिए निकाली जनजागरुकता रैली

राजकीय महाविद्यालय से निकाली गई रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स एवं रवाना करते प्राचार्य एवं मौजूद अन्य स्टाफ के सदस्य।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका. आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने बुधवार को स्वच्छता अभियान के तहत नगर में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। साथ ही सार्वजनिक उद्यान में सफाई कार्य भी किया। महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप मेहरा ने स्वच्छता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर प्राचार्य मेहरा ने स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए इससे जीवन में अपनाने का आह्वान किया। एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन एवं कोरोना गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए मास्क पहनकर रैली में शामिल हुए और स्वच्छता के साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव का भी संदेश दिया। रैली के बाद कैडेट्स ने महाविद्यालय के पास स्थित सुभाष उद्यान में सफाई कार्य भी किया और सभी को स्वच्छता का संदेश भी दिया। रैली के दौरान सह आचार्य शिवरतन डागा, संजय चौधरी एवं सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेंद्र कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

इस वर्ष कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए महाविधालय के एन सी सी कैडेट्स को ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया गया ,जिसमे महाविधालय के सहायक एन सी सी अधिकारी, भारतीय सेना के जवानो एवं अधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए।

महाविधालय परिसर में एन सी सी कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर दिनांक 22.02.2021 से 26.02.2021 तक आयोजित होना प्रस्तावित है , जिसमे कुल 176 एन सी सी कैडेट्स भाग लेंगे। इन कैडेट्स में भवानी इंस्टिट्यूट मकराना के 33 , सेंट विल्फ्रेड कॉलेज अजमेर के 36 तथा अपने महाविधालय के 107 एन सी सी कैडेट्स होंगे।

मार्च 2021 में प्रमाण पत्र 'बी ' व अप्रैल 2021 में प्रमाण पत्र 'सी ' की परीक्षा होना प्रस्तावित है।

प्राचार्य

एनसीसी अधिकारी